>

Title: Need to restart drilling operation work in Bundelkhand region of Uttar Pradesh with a view to find out underground water there.

श्री राम सजीवन (बांदा) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के सूखा अकाल पीड़ित बुंदेलखंड क्षेत्र के चित्रकूट और बांदा जिलों के अधिकांश भाग में अन्वोणात्मक नलकूप खनन की आवश्यकता है। इससे दोनों जिलों के उन क्षेत्रों में भूगर्भ जल का पता लगाया जा सकेगा जहां उ.प्र. राज्य सरकार ने भूगर्भ जल उपलब्ध न होने की घोाणा कर दी और वहां पर नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उक्त जिलों में जल संसाधन मंत्रालय के अधीन कार्यरत केन्द्रीय जल आयोग ने कुछ स्थानों पर भूगर्भ जल का पता लगाने का प्रयास किया है और कुछ स्थानों पर भूगर्भ जल ढूंढने में सफलता भी मिली है जिन्हें राज्य सरकार को सौंप दिया गया है। राज्य सरकार ने उन स्थानों पर राजकीय नलकूप स्थापित करके सूखा पीड़ित किसानों को राहत पहुंचाई है। किन्तु इधर कई वाों से भारत सरकार द्वारा अन्वोणात्मक नलकूपों का खनन कार्य ठप्प कर दिया है। इससे सूखा पीड़ित क्षेत्र के किसानों का बड़ा अहित हो रहा है। इस कार्यक्रम को तुरंत पुन: प्रारम्भ करने की महति आवश्यकता है। इस संबंध में प्रधानमंत्री स्तर से निर्णय करना आवश्यक है।

...(*Interruptions*)